हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

23 सितम्बर 2024, समय 1305

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के स्वास्थ्य ढांचे का बेहतर विकास हुआ है।एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री नड्डा ने कहा कि "सभी के लिए स्वास्थ्य" के प्रति वचनबद्धता के अनुसार सरकार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की, जो विश्व में सबसे बड़ी पूर्ण वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार गर्भाशय के कैंसर की जल्द पहचान और उपचार के लिए राष्ट्रव्यापी गर्भाशय कैंसर जांच कार्यक्रम भी चला रही है।श्री नड्डा ने कहा कि सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं की उपलब्धता बढ़ाना है।

***********

हरियाणा में 20 सितंबर तक औसत से दोगुनी से भी अधिक बारिश होने के चलते धान की सरकारी खरीद 23 सितंबर की बजाय अब पहली अक्तूबर से शुरू होगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि सरकारी खरीद की तिथि लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर आगे बढ़ाई गई है, । उन्होंने कहा कि इस वर्ष अगस्त और सितंबर माह में लगातार बारिश होने के कारण सभी जिलों में फसलों में नमी की मात्रा बढ़ रही है, फसलों की जल्दी कटाई और सूखने की सम्भावना कम है । इसलिए खरीफ की फसलों की सरकारी खरीद की अवधि अब पहली अक्तूबर से 15 नवम्बर तक निर्धारित की गई है ताकि किसान अपनी फसल को सुखाकर मण्डियों में सरकारी खरीद हेतु ला सके।उन्होंने बताया कि प्रदेश में बाजरा और मूंग की खरीद भी पहली अक्तूबर से लेकर 15 नवंबर तक की जाएगी। बाजरा की खरीद के लिए 91 तथा मूंग की खरीद के लिए 38 मंडियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से

खरीफ की शेष फसलों जैसे कपास, मूंग, मक्का, ज्वार, मूंगफली, तिल और अरहर की भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

***********

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा की नाराजगी की बात से इंकार किया है। आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कुमारी सैलजा, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता हैं और किसी प्रकार की कोई नाराजगी नहीं है ।उल्लेखनीय है कि कुमारी सैलजा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के प्रचार से दूरी बना रखी है। ऐसी चर्चाएं हैं कि विधानसभा चुनाव के लिए हुए कांग्रेस पार्टी के टिकट वितरण से वे नाराज चल रही हैं। इसी वजह से पिछले कई दिनों से वे चुनाव प्रचार में सक्रिय नहीं हैं जबकि उनका नाम पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में भी शामिल है।पत्रकारों के इसी सवाल पर श्री हूडा ने यह प्रतिक्रिया दी है।

वहीं, भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधानसभा चुनाव के बाद हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर जनविरोधी पोर्टल बंद किए जांएगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी, हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए आएंगे।भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नौकरियों के संदर्भ में कांग्रेस उम्मीदवारों के वायरल वीडियो पर भी प्रतिक्रिया दी। इन वीडियो में कांग्रेस उम्मीदवार सरकार बनने पर अपने समर्थकों को पर्ची सिस्टम के आधार पर नौकरी देने की बात कर रहे हैं। इस पर श्री हुड्डा ने कहा कि सरकार बनने पर मेरिट के आधार पर नौकरी दी जाएंगी।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष नीना राठी व किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल राठी, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री ने दोनों का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया और कहा कि उन्हें कांग्रेस में पूरा मान-सम्मान मिलेगा। नीना राठी ने कहा कि बी जी पी में सही तरीके से टिकट वितरण नहीं हुआ। जबकि वे टिकट की दावेदार थी। इसी वजह से उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया।

***********

पंचकूला से बी जे पी प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता ने कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रमोहन को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो व्यक्ति विधानसभा में क्षेत्र की आवाज नहीं उठा सका वह पंचकूला का हित नहीं कर सकता। कल पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रत्याशी 18 साल विधायक रहे और सदन में मात्र 52 मिनट ही बोले। श्री गुप्ता ने कहा कि पंचकूला की जनता ने उन्हें दो बार मौका दिया और उन्होंने विधानसभा में 2014 से 2019 तक 250 मिनट तक पंचकूला के लोगों के हितों की आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कुमारी सैलजा का अपमान नहीं किया, बल्कि पूरे अनुसूचित जाति समाज का अपमान किया है।उन्होंने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास कार्य भी गिनाए।

***********

हरियाणा में चुनाव प्रचार जोरों पर है। प्रत्याशी लोगों से एक तरफ वादे कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उनके द्वारा किए कार्य भी गिनवा रहे हैं । बल्लभगढ़ की संजय कॉलोनी में आयोजित एक कार्यक्रम में बी जे पी प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए वादा किया कि सेक्टर 23 और 23 ए में पानी की समस्या को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं । श्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने 40 साल बाद संजय कॉलोनी, मुजेसर, ईस्ट इंडिया कॉलोनी और मछली मार्केट क्षेत्र में पानी की सुविधा पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि सेक्टर 23 में कॉलेज मंजूर करवाया गए जिसकी कक्षाएं फिलहाल खेड़ी गुजरां में चल रही हैं, कॉलेज की इमारत जल्द बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मुजेसर अंडरपास और सोहना मार्ग को द्विमार्गीय करने के कार्य को भी उन्होंने मंजूरी दिलाई है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और काम जल्द शुरू होगा। श्री शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ क्षेत्र में दो बार विधायक रहते हुए उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य किए हैं और भविष्य में करते रहेंगे।

***********